पाठ - प्रवेश

प्रतीक और धरोहर दो किस्म की हुआ करती हैं। एक वे जिन्हें देखकर या जिनके बारे में जानकर हमें अपने देश और समाज की प्राचीन उपलब्धियों का भान होता है और दूसरी वे जो हमें बताती हैं कि हमारे पूर्वजों से कब, क्या चूक हुई थी , जिसके परिणामस्वरूप देश की कई पीढ़ियों को दारूण दुख और दमन झेलना पड़ा था।

Edit with WPS Office

देश और समाज की प्राचीन विरासत

Edit with WPS Office



हमारे पूर्वजों से हुई भूल - चूक

WPS Office

यह किस चीज का चित्र है ?

Edit with WPS Office

प्रस्तुत पाठ में ऐसे ही दो प्रतीकों का चित्रण है। पाठ हमें याद दिलाता है कि कभी ईस्ट इंडिया कंपनी भारत में व्यापार करने के इरादे से आई थी। भारत ने इसका स्वागत किया , लेकिन बाद में वह हमारी शासक बन बैठी। उसने कुछ बाग बनवाए तो कुछ तोपें भी तैयार कीं। उन तोपों ने इस देश को आजाद करने निकले जाँबाजों को मौत के घाट उतार दिया। पर एक दिन ऐसा भी आया जब हमारे पूर्वजों ने अंग्रेजी सत्ता को उखाड़ फेंका। तोप को निस्तेज कर दिया।

Edit with WPS Office

हमें इन प्रतीकों के माध्यम से यह याद रखना होगा कि भविष्य में कोई और ऐसी कंपनी यहाँ पाँव न जमाने पाए जिसके इरादे नेक न हों।

भले ही अंत में उनकी तोप भी उसी काम क्यों न आए जिस काम में इस पाठ की तोप आ रही है........



Edit with WPS Office

तोप



वीरेन डंगवाल

Edit with WPS Office

तोप

कंपनी बाग के मुहाने पर
धर रखी गई है यह १८५७ की तोप
इसकी होती है बड़ी सम्हाल , विरासत में मिले
कंपनी बाग की तरह
साल में चमकाई जाती है दो बार।

Edit with WPS Office

सुबह शाम कंपनी बाग में आते हैं बहुत से सैलानी

Edit with WPS Office

उन्हें बताती है यह तोप
कि मैं बड़ी ज़बर
उड़ा दिए थे मैंने
अच्छे-अच्छे सूरमाओं के धज्जे
अपने ज़माने में

Edit with WPS Office

Edit with WPS Office

अब तो बहरहाल
छोटे लड़कों की घुड़सवारी से
अगर यह फ़ारिग हो
तो उसके ऊपर बैठकर
चिड़ियाँ ही अक्सर करती हैं गपशप
कभी – कभी शैतानी में वे
इसके भीतर भी घुस जाती हैं
खास कर गौरेयें

Edit with WPS Office

वे बताती हैं कि दरअसल
कितनी भी बड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद

Edit with WPS Office

विरासत में मिली चीजें हमें अपने अतीत के बारे में जानकारी देती हैं। अतः हमें उन्हें सँभालकर रखना चाहिए।

संसार की कोई भी वस्तु कितनी ही शक्तिशाली क्यों न हो ; एक न एक दिन उसे नष्ट होना ही पड़ता है।

Edit with WPS Office

गृह - कार्य

- हमें अपने पूर्वजों से विरासत में कौन – कौन सी चीजें मिली हैं ; उसकी एक सूची बनाइए।
- तोपों के बारे में जानकारी प्राप्त कीजिए।

Edit with WPS Office